## डायरिया के बाद अब मलेरिया ने दी दस्तक

बिलासपुर,(आरएनएस)। जिला अस्पताल में एक माह से लगातार डायरिया के मरीज पहुंच रहे हैं। अब मौसमी बीमारी के साथ मलेरिया ने भी दस्तक दे दी है। सोमवार को मलेरिया के दो मरीज मिले। मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण इलाज करने में कठिनाई हो रही है। जिला अस्पताल में रोजाना तीन से चार डायरिया मरीज पहुंच रहे हैं। सोमवार को भी उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर 6 मरीज पहुंचे। इनमें से दो को दवा देकर घर भेज दिया गया। वहीं, चार गंभीर मरीजों को आइसूलेशन वार्ड में भर्ती किया गया। इधर सभी बिस्तरें भरे रहने से पीड़ितों को समय पर उपचार नहीं मिल रहा है। इन अव्यवस्थाओं की बीच सोमवार को 2 मलेरिया पीड़ित भी पहुंचे। इससे अस्पताल प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है। सप्ताह भर में शहरी क्षेत्र में मच्छर की संख्या तेज गति से बढ़ी है। इससे मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने की आशंका है। मौसमी बीमारी से पीड़ित सैकड़ों मरीज भी रोज अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें से कई को भर्ती करना पड़ रहा है।

**दवाओं की भी कमी**

जिला अस्पताल में लगातार मरीजों के पहुंचने से दवाओं की खपत ज्यादा हो रही है। कई आवश्यक दवाएं खत्म हो गई हैं। मजबूरन मरीजों को निजी मेडिकल स्टोर से दवा खरीदनी पड़ रही है। बच्चों के सीरप की भी कमी बनी हुई है।

**रिफर करने में दिक्कत**

वर्तमान में सिम्स के सभी वार्ड भरे हुए हैं। इसकी वजह से जिला अस्पताल से मरीजों को सिम्स रिफर करने में दिक्कत हो रही है। सिम्स प्रबंधन पहले ही मरीजों को भेजने पर आपत्ति कर चुका है। सिर्फ बहुत गंभीर मरीजों को ही रिफर करने के लिए कहा गया है। मौसम में बदलाव, गंदगी, दूषित पानी की वजह से डायरिया के मामले आ रहे हैं। वहीं अब मलेरिया के मरीज भी अस्पताल पहुंचने लगे हैं।

डॉ. एसएस बाजपेयी
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

## एनईआई में सेमिनार, बताया कैसे रहें तनावमुक्त

बिलासपुर,(आरएनएस)। रक्षाबंधन के अवसर रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑडिटोरियम में साफ्ट स्कील पर सेमिनार हुआ। आरपीएफ व प्रजापिता ब्रह्मकुमार ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित इस सेमिनार के दौरान बल सदस्यों को तनावमुक्त रहने के बारे में टिप्स दिए गए। इस दौरान बहन राखी व बहन मंजू ने अधिकारी और बल सदस्यों के सभी भाइयों को राखी बांधी और उनका मुंह मीठा किया। सेमिनार सुबह 11.30 बजे दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित हुआ। बहन राखी ने मानव जीवन में होने वाले तनाव को कैसे नियंत्रित कर अपनी लक्ष्य को पाया जा सकता है इसके बारे में बताया। साथ ही यह भी जानकारी कि तनाव रहित होकर कोई भी व्यक्ति किसी से भी भावनात्मक रूप से जुड़कर उनकी समस्याओं का निदान करने में कामयाब हो सकता है। इस अवसर मुख्य सुरक्षा आयुक्त आरएस चौहान, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त भवानी शंकर नाथ, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी पीएन खत्री, सहायक सुरक्षा आयुक्त एसके दास, सहायक सुरक्षा आयुक्त समेत 110 अधिकारी व बल सदस्य उपस्थित थे।

## नक्सलियों ने की सरपंच की हत्या

### कई वाहनों में लगाई आग

सुकमा, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ ओडिशा की सीमा पर लगे हतिबरी गांव में नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात नक्सलियों ने एक सरपंच की हत्या कर दी। हत्या के बाद नक्सलियों ने कई गाड़ियों में भी आग लगा दी। उक्त घटना कोरापुट जिले के पाडुआ थानाक्षेत्र बताया जा रहा है। मृत सरपंच का नाम जगरनाथ खोरा है । बताया जाता है कि जगरनाथ हतिबारी गांव का सरपंच था। सोमवार की रात लगभग 50 की संख्या में नक्सली गांव पहुंचे और जगरनाथ को तलाश करने लगे, फिर घर से निकाल कर गांव के करीब ही उसकी हत्या कर दी। मिली जानकारी के मुताबिक पूरी वारदात को श्रीकाकुलम दलम के नक्सलियों ने अंजाम दिया है। नक्सलियों ने जगरनाथ पर पुलिस की मुखबिर होने का आरोप लगाया है। वारदात के दौरान नक्सलियों ने गांव में एक ट्रेक्टर एक जीप और एक बाइक को आग के हवाले कर दिया।

अंतरराष्ट्रीय आर्मी गेम

## पहले राउंड में ही हुआ चीन का टैंक ध्वस्त, भारतीय आर्मी दिखा रही दम


File Photo

नई दिल्ली,(आरएनएस)। रूस में इन दिनों बड़े देशों की सेना के टैंक का एक जबरदस्त मुकाबला चल रहा है। रूस में चल रही अंतरराष्ट्रीय आर्मी गेम में इंडिन आर्मी ने भी हिस्सा लिया है। भारतीय आर्मी अब इस प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में पहुंच गई है। पहले राउंड में हालांकि रूस ने बाजी मारी, वहीं भारत चौथे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के दौरान चीन के टैंक के साथ कुछ अटपटा हुआ। गेम के दौरान चीन का टैंक लड़खड़ा गया। टैंक के कई हिस्से अलग-अलग हो गए। दूसरे राउंड में अगले तीन दिनों तक मुकाबला चलेगा, जिसमें टैंक के अलावा हथियार चलाने के भी गेम होंगे। भारतीय सेना का मुकाबला 10 अगस्त को है। दूसरे राउंड में 48 किलोमीटर की रिले रेस होगी, जिसमें एक ही टैंक होगा और उसके द्वारा ही करतब दिखाए जाएंगे। दूसरे राउंड में शीर्ष पर रहने वाली टॉप 4 टीमें अगले राउंड में जाएंगी। फाइनल रेस 12 अगस्त को होगी। इस साल इस प्रतियोगिता में कुल 19 देशों ने हिस्सा लिया था, जिसमें भारत, रूस, चीन, कजाकिस्तान जैसे देश शामिल हैं।

## कार्रवाई के नाम पर 129 हॉस्टल संचालकों को सिर्फ नोटिस

बिलासपुर,(आरएनएस)। नगर निगम ने शहर के अंदर अवैध रूप से संचालित होने वाले 129 हॉस्टलों को नोटिस देकर एक सप्ताह में वैध रूप से अनुमति लेने या बंद करने नोटिस जारी किया था। सभी को चेतावनी दी गई थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो निगम उनके परिसरों को सील कर दिया जाएगा। नोटिस दिया गया समय कब का बीत चुका,लेकिन अब तक न तो कार्रवाई हुई और न ही संचालकों ने कोई जवाब दिया। निगम की कार्रवाई का उन्हीं के कर्मचारियों ने हवा निकाल दी। शहर में चलने वाले अवैध हॉस्टल के खिलाफ तामझाम से कार्रवाई करने का दावा किया गया था। इसके लिए निगम के स्टॉफ को एक सप्ताह तक सर्वे कराया गया। इस दौरान 129 ऐसे हॉस्टल मिले जिनके पास भवन के व्यावसायिक इस्तेमाल, गुमास्ता लायसेंस या पुलिस वेरिफिकेशन नहीं थे। इसके बाद भी वे बेधड़क चल रहे हैं। सभी को नोटिस देकर उन्हें तत्काल कागजात पूर्ण कराने के लिए कहा गया था। नोटिस दिए एक माह हो गए लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जो टीम बनाई गई थी वह अब तक एक भी हॉस्टल का निरीक्षण तक नहीं कर पाई है। इससे निगम की कार्यप्रणाली संदेह के दायरे में आ गई है।

**ये लोग हैं जिम्मेदार**

अवैध हॉस्टल पर कार्रवाई के लिए सब इंजीनियर गोपाल ठाकुर के निर्देशन में टीम बनी थी। इसमें जुगल सिंह, अनिल सिंह और अमित यादव शामिल थे। इन्होंने केवल नोटिस दिया,कार्रवाई किसी पर नहीं की। ऐसे में इस टीम की भूमिका संदिग्ध हो गई है। हॉस्टल की पूरी जानकारी होकर भी इन्होंने कार्रवाई क्यों नहीं की इस पर सवाल खड़े हो गए हैं।

**केवल एक पर जड़ा था ताला ::** नगर निगम ने दयालबंद में एक हॉस्टल पर ही ताला जड़ा था। उसे भी तीसरे दिन बिना कार्रवाई किए खोल दिया गया। इसके बाद अवैध हॉस्टल का सर्वे हुआ,नोटिस जारी किया गया और सारा मामला ठंडे बस्ते में चला गया। शहर के अवैध हॉस्टलों पर कार्रवाई करने के लिए कहा गया था। अब तक उन्होंने क्या किया इस संबंध में जानकारी ली जाएगी।
सौमिल रंजन चौबे, आयुक्त, नगर निगम

## 15 अगस्त के बाद शुरू होगा नया सफाई टैक्स

बिलासपुर,(आरएनएस)। नगर निगम ने घर-घर से कचरा उठाने के बदले लोगों से सफाई टैक्स की वसूली 15 अगस्त के बाद शुरू करने का निर्णय लिया है। ठेकेदार स्पायरो केयर को इसके लिए निगम क्षेत्र में मौजूद आवासीय और व्यावसायिक परिसर की सूची सौंपी जाएगी। शहर में घर-घर से कचरा उठाने की व्यवस्था शुरू हो गई है। निगम के अधिकारी अब तक यह तय नहीं कर पा रहे थे कि इस सेवा के बदले सफाई टैक्स कब से वसूल किया जाए। अब तय हो गया है कि शहर में 15 अगस्त के बाद सफाई शुल्क लिया जाएगा। तब तक सफाई ठेकेदार को निगम में दर्ज आवासीय और व्यावसायिक परिसर की सूची सौंपी जा रही है। इसी आधार पर वे वसूली का काम चालू करेगा। वर्तमान में अधिकारी यह तय नहीं कर पाए हैं कि लोगों से शुरुआत में कितने माह का टैक्स लिया जाए। क्योंकि सफाई ठेकेदार ने किश्तों में घर-घर से कचरा उठाने का काम चालू किया है। वार्ड क्रमांक 1 से 12 में चार माह से घर-घर से कचरा उठना शुरू हो गया है। जबकि बाद के वार्डों में कचरा उठते एक माह ही हुआ है। चर्चा है कि शुरुआत अगस्त से टैक्स वसूली की जा सकती है।

**ऐसे होगी मासिक टैक्स की वसूली**

आवासीय :
500 स्क्वे फीट से कम 20 रुपए
500 से 700 स्क्वे फीट 30 रुपए
700 से 1 हजार स्क्वे फीट 50 रुपए
1 हजार स्क्वे फीट से अधिक 100 रुपए

व्यावसायिक :
100 स्क्वे फीट से कम 100 रुपए
101 से 300 स्क्वे फीट 300 रुपए
301 से 500 स्क्वे फीट 750 रुपए
500 स्क्वे फीट से अधिक 1500 रुपए

**वर्शन**

वसूली करने वाले ठेकेदार को आवासीय और व्यावसायिक परिसर की सूची सौंपी जाएगी। 15 अगस्त के बाद सफाई शुल्क की वसूली शुरू हो जाएगी। फिलहाल यह तय नहीं है कि शुरुआत में कितने माह का शुल्क लिया जाएगा। वसूली शुरू होने तक इस पर निर्णय लिया जा सकता है।
पूर्णिमा श्रीवास्तव
संपदा अधिकारी, नगर निगम

## युवक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर,(आरएनएस)। कालीबाड़ी ढाल के पास मामूली बात को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुंदन नायक पिता स्व. शंकर नायक 27 वर्ष नेहरूनगर कोतवाली का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात प्रार्थी कालीबाड़ी ढाल के पास खड़ा था तभी मोहल्ले में ही रहने वाला आरोपी आजाद सागर पिता बादल सागर 25 वर्ष प्रार्थी के पास आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगा। जिससे प्रार्थी ने पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर चाकू से जांघ पर मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी को धारा 341,506बी,294,324,327 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## नियमितीकरण की मांग को लेकर दैनिक वेतन भोगी कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ

रायपुर,(आरएनएन)। राज्य निर्माण के उपरांत से अविभाजित मप्र के समय से दैनिक वेतन पर काम कर रहे सर्वविभागीय दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को वर्षों बाद भी नियमित नहीं किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एवं अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन को अनेकों बार ज्ञापन सौंपने के उपरांत भी दैनिक वेतनभोगी कर्मी नियमित नहीं हो पाए है। संघ के प्रांताध्यक्ष बजरंग मिश्रा एवं संगठन मंत्री दिनेश शर्मा ने बताया कि नियमितीकरण की मांग को लेकर सर्वविभागीय कर्मियों ने 1 अगस्त से 5 अगस्त के दौरान काली पट्टी लगाकर अपने-अपने विभागों में कार्य किया था। समयावधि के उपरांत भी शासन के जिम्मेदारों से जवाब नहीं आने पर आज से प्रदेश स्तर पर दैनिक वेतन भोगी कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गये है। यह हड़ताल तब तक चलेगी जब तक कि लाखों कर्मियों का नियमितीकरण नहीं होता ।

## तीन युवक पर डंडा से प्राणघातक हमला, मामला दर्ज

रायपुर,(आरएनएस)। लोधीपारा जयहिंद चौक के पास पांच युवकों ने तीन युवकों पर डंडा से मारपीट कर प्राणघातक चोट पहुंचाए। प्रार्थी की शिकायत पर पंडरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोशन कुमार निषाद पिता गोकुल प्रसाद निषाद 37 वर्ष जयहिंद चौक के पास लोधीपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल शाम प्रार्थी अपने दो दोस्त जतीन व गौर सेंडे के साथ घुमने निकला था तभी लोधीपारा जयहिंद चौक के पास आरोपी रोशन बेहरा, मोहन सोनी, विनोद, लोकेश कुलदीप पिता जयवर्धन कुलदीप 20 वर्ष निवासी फेकटपारा देवेंद्रनगर रायपुर एवं अन्य ने प्रार्थी व उसके दोस्तों से गाली-गलौज कर लाठी-डंडे से पीटकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर पंडरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं पुलिस ने एक आरोपी लोकेश कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया है।

## अटेम नदी के अस्थायी पुल से आवागमन शुरू हुआ

अंबिकापुर,(आरएनएस)। अंबिकापुर से बिलासपुर रायपुर रोड पर उदयपुर से आगेअटेम नदी पर निर्माणधीन पुल के पास तेज बाढ़ के कारण टूटे हुए अस्थायी पुल की मरम्मत कार्य जिला प्रशासन के रात-दिन के अथक प्रयास के बाद पूर्ण कर लिया गया है और इस मार्ग से आवागमन आज शाम 5 बजे शुरू हो गया है। इस अस्थायी पुल के पिछले सोमवार शाम करीब 5 बजे बह जाने से अम्बिकापुर-बिलासपुर मार्ग पर आवागमन अवरूद्ध हो गया था। पिछले दिनों कलेक्टर श्रीमती कौषल ने निर्माणधीन रपटे का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। निर्देशानुसार उदयपुर के अनुविभा-ीय दण्डाधिकारी श्री आर.के तम्बोली अपने अधीनस्थ अमले के साथ पुल मरम्मत कराने और उस पर निगरानी रखने के लिए रात-दिन स्थल पर डटे रहे। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने आवागमन बहाल होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को धन्यवाद विग्यापित किया है।

## हाथियों का आतंक, ग्रामीण को कुचला, मौत

महासमुंद,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में महासमुंद जिले में दर्जनों गांव पिछले डेढ़ साल से ज्यादा समय से हाथियों के आतंक से दहल रहे हैं. यहां गांव वाले आए दिन हाथियों के आतंक का शिकार हो रहे हैं. रविवार को एक बार फिर यहां हाथी ने एक ग्रामीण की जान ले ली. घटना रायपुर जिले के वन विकास निगम परिक्षेत्र सिरपुर से लगे ग्राम बंदोरा के आश्रित गांव खिरसापाली की है. दरअसल तीन ग्रामीण अपने जानवरों को चराने जंगल की तरफ गए थे. तीनों जंगल में अलग-अलग जानवर चरा रहे थे कि हाथी ने उन पर हमला कर दिया. हमले से अपना बचाव कर भागने में दो ग्रामीण तो कामयाब हो गए, लेकिन अधेड़ उम्र का दरबारू भाग न सका और हाथी ने उसे पटक-पटक कर मार दिया. अपनी जान बचा कर भागे दोनों ग्रामीणों ने गांव वालों को घटना की सूचना दी तो गांव वाले एकजुट होकर घटना स्थल पर पहुंचे. घटना सथल पर मृतक दरबारू की क्षत-विक्षत लाश पड़ी थी. ग्रामीणों की सूचना पर तुमगांव पुलिस और बाद में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची. तुमगांव थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए महासमुंद जिला अस्पताल रवाना किया।

## लोक नृत्यों के मंचन के लिए चित्रकोट जल प्रपात में बनेगा थियेटर

जगदलपुर,(आरएनएस)। देश में अपने सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध यहां के चित्रकोट जलप्रपात के पास आदिवासी संस्कृति को निकट से पर्यटकों को दिखाने के लिए एक ओपन एयर थियेटर बनेगा, जिसमें बस्तर के लोक नृत्यों को मंचित कर पर्यटकों को मनोरंजन के साथ-साथ जानकारी प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि चित्रकोट में पर्यटकों के ठहरने से लेकर अन्य सुविधाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। पर्यटन मंडल द्वारा तैयार करवाए जाने वाले इस थियेटर में ट्राइबल डांस और गीत संगीत के कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। इस ओपन एयर थियेटर बनाने का काम आगामी सितंबर माह में शुरू हो जाएगा। इसे इसी साल शीत ऋतु में तैयार कर पर्यटकों को समर्पित किया जाएगा। स्मरणीय है कि चित्रकोट को देखने देश के अलग-अलग राज्यों के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी यहां पहुंचते हैं। चित्रकोट व तीरथगढ़ की खूबसूरती निहारकर अभीभूत हो जाते हैं। इसके साथ ही जब उन्हें बस्तर की लोक संस्कृति से रूबरू होने का अवसर प्राप्त होगा तो निश्चित ही यह बस्तर सहित राज्य के लिए भी लाभकारी होगा। स्थानीय स्तर पर प्रतिभाओं को अपने हुनर दिखाने के साथ-साथ अंचल में बड़ी मात्रा में बेरोजगारों को रोजगार भी प्राप्त होगा।

## नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक होने की रणनीति बना रही पुलिस

जगदलपुर,(आरएनएस)। नक्सली प्रभावित दरभा के क्षेत्र में सुरक्षा बल अब नक्सलियों के विरूद्ध आक्रामक रूप से प्रहार करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं और इसी सिलसिले में दरभा क्षेत्र के ग्राम कोलेंग व छिंदगार में एक बेसकैंप स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। इस कैंप में नक्सली प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों में पुलिस के द्वारा पिछले अर्से से किये जा रहे सामाजिक कार्यों से विश्वास बढ़ा है और वे अब हिंसा से त्रस्त आ चुके हैं। ग्रामीण अब मुक्त रूप से पुलिस का व सुरक्षा बलों का सहयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों के बेसकैंप की मांग की थी जिसे अब पुलिस द्वारा मूर्त रूप दिया जा रहा है और शीघ्र ही कैंप स्थापित हो जाएगा। इस कैंप के फायदे के बारे में पुलिस का मानना है कि कैंप से ग्रामीणों की सुरक्षा तो पुख्ता होगी साथ ही नक्सली विरोधी अभियान में भी और अधिक कार्य होगा। कैंप में रणनीति बनाकर त्वरित एक्शन के तहत प्रहार किया जाएगा और उनके प्रभाव को सीमित करने का कार्य होगा। पुलिस का इस संबंध में यह भी मानना है कि इस नयी रणनीति से बस्तर को नक्सली आतंक से मुक्त कराकर विकास की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।

## पीएम मोदी के आमंत्रण पर नवंबर में हैदराबाद आयेंगी ट्रंप की बेटी

हैदराबाद,(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी और सलाहकार इवांका ट्रंप के नवंबर के अंतिम सप्ताह में हैदराबाद आने की उम्मीद है। वे यहां ग्लोबल आंत्रप्रेन्योर समिट (जीईएस) में शामिल होने आ रही हैं। द इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, नरेंद्र मोदी भी इस सम्मेलन में मौजूद रहेंगे। बता दें कि इस सम्मेलन की शुरुआत 2010 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के द्वारा की गई थी। भारत में होने जा रहा इस बार का सम्मेलन जीईएस का आठवां सम्मेलन होगा। जून में वाशिंगटन के दौरे पर गए पीएम मोदी ने इवांका ट्रंप से मुलाकात करते हुए उन्हें जीईएस समिट में शामिल होने का आमंत्रण दे डाला था। पीएम मोदी ने व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में संयुक्त प्रेस के बयान में ये घोषणा की थी। जिसके जवाब में इवांका ने सिर हिला कर सहमति प्रदान की थी। बाद में इवांका ने ट्वीट कर इसके जवाब में लिखा, धन्यवाद प्रधानमंत्री मोदी, जीईएस समिट में मुझे अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने के आमंत्रण के लिए। बताया जाता है कि पिछले डेढ़ महीने में ये तय किया गया है कि यह सम्मेलन कहां किया जाना है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु भी विकल्प में थे लेकिन अंततः अंत्राष्ट्रीय क्लाइंट और बेहतर इंफ्रस्ट्रक्चर को ध्यान में रखते हुए हैदराबाद को चुना गया। केंद्र ने इसके आयोजन की जिम्मेदारी नीति आयोग सौंपी है जो विदेश मंत्रालय और आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से मिलकर काम करेगी। यह भारत में पहली बार होने जा रहा है इसलिए प्रधानमंत्री ने इसे मेगा इवेंट की तरह आयोजित करने के लिए कहा है।

# विज्ञान समाचार Science News

## यूरोप में हर साल डेढ़ लाख लोग मारे जाएंगे


File Photo

वैज्ञानिकों ने चेताया है कि अगर जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए जल्द ही कुछ नहीं किया गया तो इस सदी के अंत तक यूरोप में ख़राब मौसम के कारण हर साल एक लाख 52 हज़ार लोग मारे जाएंगे। लैंसेट प्लेनेटरी हेल्थ जर्नल में छपे एक अध्ययन के मुताबिक, ये संख्या मौजूदा अनुमान से 50 गुना ज़्यादा है। इसमें कहा गया है कि दक्षिणी यूरोप, गर्म हवाओं से सबसे अधिक प्रभावित होगा और यहां मौसम जनित 99 प्रतिशत मौतों के पीछे गर्म हवाएं कारण होंगी। अगर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए कुछ नहीं किया गया और ख़राब मौसम के असर को कम करने के लिए नीतियों में बदलाव नहीं किया गया तो और मुश्किल खड़ी होगी। इस हालत मेंए यूरोपीय कमीशन के ज्वाइंट रिसर्च सेंटर के अनुसार, ख़राब मौसम के कारण 1981 से 2010 के बीच होने वाली प्रति वर्ष 3,000 मौतों के मुकाबलेए 2017 से 2100 के बीच प्रति वर्ष 1,52,000 मौतें होने की आशंका है। प्राकृतिक आपदा के कारण 2100 तक यूरोप में हर तीन में से दो लोग प्रभावित होंगे। जबकि इस सदी की शुरुआत में ये आंकड़ा 20 में एक था। हर साल तटीय इलाक़ों में बाढ़ आने की वजह से मौतों में भारी इज़ाफे की आशंका है और ये संख्या इस सदी के अंत में 233 तक जा सकती है जबकि सदी की शुरुआत में ये संख्या प्रति वर्ष छह थी। शोधकर्ताओं ने यूरोपीय संघ के 28 देशों में ख़राब मौसम से संबंधित सात ख़तरनाक प्राकृतिक घटनाओं का अध्ययन किया जैसे- गर्म हवाएं, ठंड, जंगली आग, सूखा, नदी और तटीय बाढ़ और आंधी-तूफ़ान। उन्होंने 1981 से 2010 के बीच आपदाओं के रिकॉर्ड और आबादी पर प्रभाव का विश्लेषण किया। इसमें आबादी वृद्धि और उनके विस्थापन को भी ध्यान में रखा गया है। शोधकर्ता जोवानी फ़ॉर्ज़िएरी के अनुसार, अगर ग्लोबल वॉर्मिंग को लेकर आपात कदम नहीं उठाए गए तो इस सदी के अंत तक 35 करोड़ यूरोपियों पर हर साल आने वाले प्राकृतिक आपदा का ख़तरा पैदा हो जाएगा।